भारत सरकार
स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय
स्वास्थ्य और परिवार कल्याण विभाग

राज्य सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या: 1084
12 दिसम्बर, 2023 को पूछे जाने वाले प्रश्न का उत्तर

तपेदिक की दवाओं की कमी

1084. श्री मल्लिकार्जुन खरगेः

क्या स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार को लाइनज़ोलिड, क्लोफ़ाज़िमिन, साइक्लोसेरिन, रिफैम्पिसिन आदि सहित तपेदिक की दवाओं की कमी के संबंध में कोई शिकायतें मिली है;
(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और उस पर क्या कार्रवाई की गई है;
(ग) सरकार के पास दवा के उपयोग संबंधी अंतिम तिथि सहित तपेदिक की दवाओं के भंडार का दवा-वार ब्यौरा क्या है; और
(घ) पिछले पांच वर्षों में तपेदिक दवाओं की मांग और राज्य सरकारों को किये गए संवितरण का राज्य-वार, दवा-वार और माह-वार ब्यौरा क्या है?

उत्तर

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण राज्य मंत्री (डॉ. भारती प्रविण पवार)

(क) से (घ):

- क्षय रोग-रोधी औषधियों की कोई कमी नहीं है। राष्ट्रीय क्षय रोग उन्मूलन कार्यक्रम (एनटीईपी) के अंतर्गत केन्द्रीय स्तर से सभी राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों को वर्ष भर क्षयरोग-रोधी औषधियों की नियमित आपूर्ति की जाती रही है और केन्द्रीय गोदामों से लेकर परिधीय स्वास्थ्य संस्थानों तक विभिन्न स्तरों पर स्टॉक की स्थिति का आकलन करने के लिए नियमित मूल्यांकन किए जाते हैं। इसके अतिरिक्त, आकस्मिक आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए आवश्यकता पड़ने पर राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों को सीमित मात्रा में स्थानीय खरीद के लिए संसाधनों का प्रावधान किया गया है।
- क्षय रोग-रोधी औषधियों के स्टॉक की स्थिति का ब्यौरा अनुलग्नक-**I** में दिया गया है।
- मांग पत्र और रिलीज आदेशों के अनुसार वर्ष 2019 से 2023 तक क्षय रोग की औषधियों की मांग और संवितरण का वर्ष-वार ब्यौरा https://tbcindia.gov.in/showfile.php?lid=3721 पर दिया गया है।

****

अनुलग्नक-I

दिनांक 06-12-2023 तक की स्थिति के अनुसार क्षय रोग औषधियों का स्टॉक		
दवा का नाम	**उपलब्ध कुल स्टॉक**	**स्टॉक समाप्त होने की अवधि (लगभग महीने)**
टैबलेट 2एफडीसी (पी) (एच50 & आर75);	18078984	6 महीने से अधिक
टैबलेट 3एफडीसी सीपी (ए) (एच75,आर150 & ई275)	159287016	4 महीने के लिए
टैबलेट 3 एफडीसी (पी) (एच50, आर75, जेड150)	17889844	6 महीने से अधिक
टैबलेट 4एफडीसी(ए) (एच75, आर150, जेड 400 एण्ड ई275)	94250072	4 महीने के लिए
टैबलेट बेडक्वीलाइन (बीडीक्यू)-एल	9835849	6 महीने से अधिक
कैप्सूल क्लोफाज़िमिन 100 मिलीग्राम	7901607	6 महीने से अधिक
कैप्सूल क्लोफाज़िमिन 50 मिलीग्राम	129405	6 महीने से अधिक
कैप्सूल साइक्लोसेरिन 250 मिलीग्राम	12591104	6 महीने से अधिक
टैबलेट डेलामानिड 50 मिलीग्राम	3688946	6 महीने से अधिक
टैबलेट एथमबुटोल100 मिलीग्राम	40895959	6 महीने से अधिक
टैबलेट एथमबुटोल 800 मिलीग्राम	2759910	3 महीने के लिए
टैबलेट एथियोनामाइड 250 मिलीग्राम	15096309	6 महीने से अधिक
टैबलेट मोक्सीफ्लोक्सासिन 400 मिलीग्राम	25720793	6 महीने से अधिक
टैबलेट आइसोनियाज़िड 300 मिलीग्राम	43951761	6 महीने से अधिक
टैबलेट लेवोफ़्लॉक्सासिन 250 मिलीग्राम	10770158	6 महीने से अधिक
टैबलेट लेवोफ़्लॉक्सासिन 500 मिलीग्राम	9862422	6 महीने से अधिक
टैबलेट लाइनज़ोलिड 600 मिलीग्राम	4190760	6 महीने से अधिक
टैबलेट पायराज़िनामाइड 500 मिलीग्राम	6262558	6 महीने से अधिक
टैबलेट पायराज़िनामाइड 750 मिलीग्राम	5862684	6 महीने से अधिक
टैबलेट पाइरिडोक्सिन 100 मिलीग्राम	20060750	6 महीने से अधिक

स्रोत: नि-क्षय औषधि

******